# विंध्य साहित्य व संगीत के साधकों की भूमि

## अभा साहित्य परिषद अधिवेशन का पूर्व राष्ट्रपति ने किया शुभारंभ



**भोपाल, 7 नवम्बर.** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रीवा के कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित अखिल भारतीय साहित्य परिषद के 17वें अधिवेशन का शुभारंभ किया. उन्होंने कहा कि विन्ध्य साहित्य और संगीत के साधकों की भूमि है, जिसने देश को तानसेन, बीरबल, थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी और नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी जैसे गौरवशाली व्यक्तित्व दिए हैं. विन्ध्य न केवल सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक है बल्कि राष्ट्र गौरव की प्रेरणास्थली भी है. पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि अधिवेशन का मूल वाक्य आत्मबोध से विश्वबोध अत्यंत सार्थक है. जब व्यक्ति आत्मबोध प्राप्त करता है, तभी वह विश्वकल्याण की दिशा में अग्रसर होता है. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि साहित्य परिषद के तीन दिवसीय अधिवेशन में विद्वानों के विचार-मंथन से निकला अमृत देश को नई दिशा देगा. उन्होंने कहा कि विन्ध्य भूमि को माँ शारदा, माँ विन्ध्यवासिनी और माँ नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त है. आज वंदे मातरम् के 150वें स्मरणोत्सव के अवसर पर अधिवेशन का शुभारंभ होना ऐतिहासिक और अविस्मरणीय है.

> कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार विश्वास पाटिल ने अपने संस्मरण साझा किए. राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. ऋषि कुमार मिश्र ने परिषद की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया. इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति ने 'रेवाखण्डे' पुस्तिका का विमोचन किया और परिषद की ओर से स्मृति चिन्ह एवं सुपारी कलाकृति भेंट कर सम्मानित किए गए. समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक प्रदीप पटेल, जिलाध्यक्ष नीता कोल, संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर, अध्यक्ष डॉ. सुशीलचंद्र त्रिवेदी, प्रांताध्यक्ष राकेश सोनी, जिलाध्यक्ष शिवानंद तिवारी तथा संयोजक चंद्रकांत तिवारी सहित देशभर से एक हजार से अधिक साहित्यकार उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन डॉ. पवनपुत्र बादल ने किया.

# डबरा में कचरे के ढेर में मिला कई यूनिट ब्लड

**ग्वालियर, 7 नवंबर. डबरा से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली तस्वीर सामने आई है. जिस खून की एक-एक बूंद से किसी की जान बच सकती है, वही कई यूनिट्स खून खुलेआम कचरे के ढेर में मिला.**

हालत यह थी कि उन ब्लड बैग्स को स्ट्रीट डॉग्स नोंचते हुए दिखे. यह दृश्य देखकर लोगों में गुस्सा और अफसोस दोनों है. अब सवाल उठ रहा है कि आखिर ब्लड बैंक की व्यवस्था इतनी लापरवाह कैसे हो गई? घटना के बाद शक की सुई डबरा स्थित रेडक्रॉस ब्लड बैंक की ओर घूम गई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह वही ब्लड बैंक है जहां लोगों से ब्लड डोनेट कराया जाता है, लेकिन जरूरत के समय मरीजों को ब्लड देने में आनाकानी की जाती है. अब यह संदेह जताया जा रहा है



कि एक्सपायर ब्लड को ठिकाने लगाने के लिए स्टाफ ने इन्हें कचरे में फेंक दिया.

स्थानीय नागरिकों ने इस घटना पर कड़ी नाराजगी जताई है. उनका कहना है कि लोग नेक नीयत से ब्लड डोनेट करते हैं ताकि किसी जरूरतमंद की जान बच सके, लेकिन जब वही ब्लड इस तरह कचरे में फेंका जाता है, तो यह न केवल व्यवस्था की नाकामी है बल्कि रक्तदाताओं के विश्वास का भी अपमान है.

> यह घटना सिर्फ डबरा या ग्वालियर की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम पर सवाल उठाती है. एक ओर लोग ब्लड डोनेशन कैंप में कतार लगाकर खून दान करते हैं, वहीं दूसरी ओर खून की यूनिट्स इस तरह बर्बाद की जा रही हैं. यह घटना प्रशासन और ब्लड बैंक दोनों के लिए आईना है कि जिम्मेदारी निभाने में अब और लापरवाही नहीं चलेगी. इस मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने इस घटना की पुष्टि की है. उन्होंने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है और इसकी जांच शुरू कर दी गई है. दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# पुलिस ने दो प्रकरणों में जब्त किए 190 पौधे

### पहाड़ी क्षेत्र में हो रही थी गांजे की खेती

**खरगोन, 7 नवंबर. जिले में प्रतिबंध के बाद भी परंपरागत खेती के साथ गांजा भी उगाया जा रहा है. कम लागत में अधिक मुनाफे के लालच में लोग इस अवैध खेती में लिप्त होकर कानूनी शिकंजे में फंस रहे है.**

हेलापड़ाव पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिस ने सुदुर वनांचल के पहाड़ी क्षेत्र में हो रही गांजे की खेती उजागर की है. पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर खेतों से 190 गांजे के पौधे उखाड़कर जब्त किए है. इनका वजन 397 किलो होकर 20 लाख रुपए कीमत आंकी



गई है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम पलोना के रहने वाले राजु पिता इडा सिसोदिया एवं ग्राम खडक्यानदी के रहने वाले कैलाश पिता गोरेलाल किराडे ने अपने-अपने खेत में मिर्ची एवं तुअर फसल के बीच में अवैध रुप से गांजे के पौधे भी लगाये थे. मुखबिर की सूचना पर योजनाबद्ध तरीके से पुलिस टीम खेतों में पहुंची. यहां घेराबंदी कर दबिश दी गई. दोनों के खेतों में सर्चिंग के दौरान खेत में हरे गांजे के पौधे लगे दिखाई दिये. ग्राम पलोना में राजु पिता इडा के खेत से कुल 70 गांजे के पौधे वजनी लगभग 76.100 किलो ग्राम कीमत लगभग 03 लाख 80 हजार रुपये को जब्त किया.

# पटाखे फोड़ते बुलेट सवारों पर शिकंजा कसा

**जबलपुर.** पाटन बाईपास क्षेत्र में गुरुवार को यातायात पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल चालकों पर सख्त कार्रवाई की. दोनों चालक अपनी मोटर साइकिलों से तेज आवाज निकालते हुए एवं पटाखे फोड़ते देखे गए, जिससे आसपास के क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण फैल रहा था यातायात पुलिस द्वारा दोनों वाहनों को तत्काल रोका गया. जांच के दौरान यह पाया कि वाहन क्रमांक एम पी 20- जेड एन- 8743 एवं एमपी 20- जेड यू-6618 में एक मोटरसाइकिल में साइलेंसर पूरी तरह हटा हुआ था, जबकि दूसरी बाइक में मॉडिफाइड तेज ध्वनि वाला साइलेंसर लगाया गया था.

# बैठक में छाया सफाई, पानी, टीडीआर का मुद्दा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा हासिल करने वाले इंदौर की सफाई व्यवस्था गड़बड़ होने लगी है. इसका खुलासा आज समीक्षा बैठक में हुआ, जिसमें अधिकाश पार्षदों ने सफाई, बैकलेन पर कब्जा एवं गंदगी के साथ अमृत 2.0 में डाली नई लाइन से पानी नहीं आने और कम मिलने की शिकायतें महापौर को बताई.**

आज की बैठक में पार्षदों ने इतनी समस्या और शिकायत की कि महापौर अचंभित हो गए। बैठक में हर वार्ड के पार्षद ने निगम अधिकारियों की शिकायत ही शिकायत बताई. पार्षदों की




शिकायत में सफाई, पानी नहीं आने के साथ, सड़कों के पेंच वर्क और टेंडर होने के बाद भी काम शुरू नहीं होने व टीडीआर सर्टिफिकेट का मामला सामने आया. पार्षदों ने अधिकारियों की फोन नहीं उठाने से लेकर विकास कार्यों के टेंडर, अवैध निर्माण पर रोक नहीं लगाने तक विभिन तरह की शिकायत की. शिकायतों के अंबार को सुन महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो ठेकेदार ठीक से काम नहीं कर रहे, उनको ब्लैक लिस्टेड करो. ठेकेदार को जो टेंडर के बाद भी काम शुरू नहीं कर रहे तो रुका हुआ थोड़ा पैसा भुगतान कर दे.

> एआईसीटीएसएल कार्यालय में नगर निगम के विधानसभा 4 के वार्डो की समीक्षा बैठक हुई. बैठक में निगम विकास कार्यों की प्रगति के साथ पिछले दो सालों में टेंडर और कितने कार्य हुए है, इसकी समीक्षा थी. बैठक में मौजूद सभी पार्षदों ने सबसे ज्यादा शिकायत सफाई व्यवस्था बिगाड़ने, सफाईकर्मी कम होने, हटाने के बाद नई पदस्थापना नहीं करने, पानी की अमृत 2.0 में नई लाइन डालने बाद पानी नहीं आने, टंकियों को शुरू नहीं करने, टंकियां पूरी नहीं भरने, कई क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंचने.

# पीएम आवास के हितग्राहियों का रद्द होगा आवंटन : सविता

### आवासों को किराये पर देना पड़ेगा भारी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 नवम्बर.** ननि आयुक्त सविता प्रधान ने कहा कि नपानि अंतर्गत पीएम आवास योजना एएचपी घटक के तहत गनियारी में निर्मित ईडब्ल्यूएस आवास के ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा अपने आवासो को किराये पर दिया गया है. या अपने आवास में विगत कई माह से निवासरत नहीं है, उनका यह कृत्य शासन के निर्देशों एवं नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है. ननि द्वारा शीघ्र ही ऐसे हितग्राहियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी तथा उनका आवास निरस्त किया जाकर जमा की गई राशि राजसात कर ली जाऐगी। विभिन्न स्त्रोतो के माध्यम से आयुक्त को इस आशय की जानकारी मिल रही थी कि गनियारी में नगर पालिक निगम सिंगरौली द्वारा निर्मित प्रधानमंत्री आवास जिन हितग्राहियों को आवंटित किया गया है. स्वयं वे आवास में न रहकर दूसरे व्यक्तियों को किराये पर दे दिया गया है या आवास कई महिनों से बंद प? हैं। उक्त जानकारी गंभीरता पूर्वक लेते हुये निगमायुक्त के द्वारा आवास का जॉच कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि एक सप्ताह में आवास की जांच पूर्ण कर अवगत कराये.

# वांगचुक की रिहाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर.** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के बैनर तले टाउन हॉल स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया. धरने का उद्देश्य देश में संवैधानिक मूल्यों पर हो रहे हमलों के विरोध और पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक की रिहाई की मांग था. संगठन के राष्टीय सचिव विवेक अवस्थी ने कहा कि संविधान जनता के अधिकारों की रक्षा का आधार है, और वर्तमान में उस पर लगातार हमले हो रहे हैं. राजकुमार सिन्हा ने कहा कि वांगचुक कोई अपराधी नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के वैश्विक शोधकर्ता हैं जिन्होंने शांतिपूर्वक लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची लागू करने की मांग की थी.

# मोरवन में फैक्ट्री विरोध, शुक्रवार को पूर्ण बंद

### गिरफ्तार लोगों की रिहाई के लिए आंदोलन की दी चेतावनी

**नीमच, 7 नवंबर. जावद के मोरवन क्षेत्र में प्रस्तावित 350 करोड़ की टेक्सटाइल फैक्ट्री के विरोध में शुक्रवार को नगर पूरी तरह बंद रहा.**

गुरुवार को हुई हिंसा के बाद ग्रामीणों का आक्रोश बरकरार है, जिन्होंने गिरफ्तार लोगों की रिहाई और फैक्ट्री निर्माण पर रोक लगने तक अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है.दरअसल, गुरुवार को महिलाओं के नेतृत्व में निकली एक रैली शांतिपूर्ण प्रदर्शन के रूप में शुरू हुई थी, लेकिन दोपहर तक यह उग्र हो गई. सैकड़ों ग्रामीण फैक्ट्री परिसर में घुस गए, जहां उन्होंने वाहनों में तोडफ़ोड़ की और कर्मचारियों पर पथराव किया. पुलिस ने देर शाम तक कार्रवाई करते हुए लगभग 33 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया. इस दौरान राजकुमार अहीर और पूरणमल अहीर सहित पांच प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार किया गया, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया. रात करीब 8 बजे किसान नेताओं को तहसील न्यायालय में पेश किया गया, जहां उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया. हालांकि, अन्य ग्रामीणों की रिहाई न होने के कारण शुक्रवार को भी आंदोलन की तीव्रता बनी रही. मोरवन सहित आसपास के कई गांवों में ग्रामीणों ने एकजुट होकर नगर बंद का आह्वान किया.

> **सामाजिक संगठनों ने भी इस आंदोलन को समर्थन किया**
>
> बंद के दौरान बाजार, दुकानें और प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रहे. प्रशासनिक अमला अलर्ट पर रहा और पुलिस बल सुबह से ही तैनात किया गया था. ग्रामीण नेताओं ने इसे 'सिर्फ फैक्ट्री विरोध नहीं, बल्कि पानी, जमीन और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा की लड़ाई' बताया है. कई सामाजिक संगठनों ने भी इस आंदोलन को समर्थन दिया है.फिलहाल स्थिति शांत है, लेकिन तनाव बरकरार है. प्रशासन लगातार संवाद के माध्यम से हालात सामान्य करने की कोशिश में जुटा है.

### एक नजर में

## कलेक्टर-एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा



**जबलपुर, 7 नवंबर.** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस पर जबलपुर के सदर स्थित गैरीसन ग्राउंड में प्रस्तावित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया. कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है. कार्यक्रम की गरिमा को देखते हुए मंच, पंडाल, बैठक व्यवस्था, प्रदर्शनी आदि सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करें. गैरीसन ग्राउंड से वापस आकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हितग्राहियों को लाने के लिए बसों की व्यवस्था के साथ ही अन्य आवश्यक विषयों पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये. इस दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे.

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए हुई बैठक

**जबलपुर, 07 नवम्बर.** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जबलपुर जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को जनभागीदारी से अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन तथा स्वीप नोडल अधिकारी अभिषेक गहलोत के निर्देशन में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति परस्ते ने की. श्रीमती परस्ते ने एक विस्तृत पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से एसआईआर प्रक्रिया की रूपरेखा, उद्देश्य, समयरेखा और पात्र मतदाता की परिभाषा पर गहन जानकारी दी. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बीएलओ द्वारा प्रत्येक परिवार तक पहुँचाए जा रहे गणना फॉर्म को 4 दिसम्बर तक भरकर अनिवार्य रूप से लौटाना आवश्यक है, अन्यथा संबंधित व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं किया जा सकेगा. उन्होंने इस प्रक्रिया को लोकतंत्र को मजबूत बनाने का सामूहिक प्रयास बताते हुए 'हर पात्र मतदाता-हर सही नाम' के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता पर बल दिया. बैठक का संचालन करते हुए जिला स्वीप समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने निर्वाचन साक्षरता क्लबों की भूमिका को रेखांकित किया. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हैशटैग के साथ एक डिजिटल प्रचार अभियान शुरू किया जाएगा.

# आजीविका भवन स्मरणोत्सव का आयोजन

### मंत्री भूरिया के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम

### राष्ट्रगीत के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन किया

**झाबुआ, 7 नवम्बर. भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज जिला स्तरीय कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य में आजीविका भवन में सम्पन्न हुआ.**

यह कार्यक्रम कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप



प्रज्जवलित कर किया गया. कार्यक्रम में समस्त अतिथियों, उपस्थितजनों, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा राष्ट्रगीत का पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन किया गया. राष्ट्रगीत के उपरांत नई दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया. यह कार्यक्रम 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक राष्ट्रगीत वंदे मातरम रचित किए जाने के वर्ष भर चलने वाले स्मरणोत्सव का औपचारिक शुभारंभ है, जो इस कालातीत रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ. इस राष्ट्रगीत गीत ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित किया.

# स्काउट गाइड का स्थापना दिवस मनाया

**ग्वालियर.** 75वां स्काउट गाइड स्थापना दिवस हर्ष उल्लास के साथ जिला मुख्यालय स्काउट पड़ाव पर मना. कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने एक दूसरे को ध्वज स्टिकर लगाकर स्थापना दिवस मनाया. इस दौरान राष्टीय हॉकी उपाध्यक्ष रामू तोमर, कलेक्टर श्रीमती रुचिका सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, जिला मुख्य आयुक्त बृजेंद्र सिंह जादौन, अरविंद सिंह संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग ग्वालियर, हरि ओम चतुर्वेदी जिला शिक्षा अधिकारी जिला ग्वालियर, धीरज बंसल सहायक आयुक्त को ध्वज स्टिकर लगाकर स्थापना दिवस की बधाई दी. इस मौके पर साधना अग्निहोत्री, सुनील दत्त उपाध्याय, संगीता आर्य, विष्णु अग्रवाल आदि मौजूद थे.

# हर जगह दिखाई दे रहा तेंदुआ, वन विभाग को नहीं मिली लोकेशन

**जबलपुर, 7 नवंबर. मझौली के ग्राम डुंगरिया, देवरी सहित आसपास के करीब आधा दर्जन गांवों में अलग-अलग स्थान पर नजर आ रहे तेंदुए ने ग्रामीणों व किसानों की दहशत बढ़ा दी है.**

शुक्रवार को तेंदुआ देवरी क्षेत्र में देखा गया जिसे ग्रामीणों ने अपने मोबाईल के कैमरे में कैद किया और सिहोरा रेंज की वन विभाग की टीम को सूचना दी. ग्रामीणों की माने तो तेंदुआ की संख्या एक से अधिक भी हो सकती है. इस गंभीर मामले में वन विभाग की बैम ने गांवों में पिंजरे रखवा दिए हैं और जहां-जहां पिछले 15 दिनों से तेंदुआ नजर आया है उन इलाकों में मुनादी कराकर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है. जानकारी के अनुसार बीते 15 दिनों तेंदुए की मूमेंट मझौली वन परिक्षेत्र के ग्राम रोसरा, जोली, खंदिया, डुंगरिया सहित गौरहा, मौसाम में दिखी जा रही है. मझौली क्षेत्र के ग्राम डुंगरिया क्षेत्र के किसानों ने बताया कि करीब 3 दिन पहले चेतराम काछी की लाल रंग की गाय का जंगल में तेंदुआ ने शिकार कर दिया था और दो दिन पहले एक छोटर बछिया को लेकर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया था. इस कारण तेंदुआ की दहशत से घबराकर ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि तेंदुआ का रेस्क्यू करके उसे कहीं और भेजा जाए.

**आयोजन** | मेडीकल कॉलेज में 12वीं नेशनल कान्फ्रेंस आन पीडियाट्रिक एज्यूकेशन शुरू

# बाल रोग चिकित्सकों ने साझा किए अपने अनुभव

**ग्वालियर, 7 नवंबर गजराराजा मेडीकल कालेज में 12वीं नेशनल कान्फ्रेंस आन पीडियाट्रिक एज्यूकेशन की प्री कान्फ्रेंस वर्कशाप्स का शुभारंभ आज हुआ.**

कान्फ्रेंस का शुभारंभ डीन जीआर मेडीकल कालेज डा. आरकेएस धाकड, ज्वाइंट डायरेक्टर एवं सुपरिटेंडेंट जेएएच सुधीर सक्सैना, पूर्व राष्टीय अध्यक्ष आईएपी एवं साउथ एशिया पीडियाट्रिक एसोसिएशन डॉ. सीपी बंसल की उपस्थिति में हुआ. नेशनल कान्फ्रेंस आन पीडियाट्रिक एज्यूकेशन 2025 में शुक्रवार को पहले दिन विभिन्न



कार्यशाला आयोजित की गई. गजराराजा मेडीकल कालेज में आयोजित इस कार्यशाला में बाल रोग व उनके उपचार सहित विभिन्न मुददों पर चिकित्सकों ने अपने अनुभव व विचार साझा किये. कान्फ्रेंस में तीन प्रमुख कार्यशालाएं सिमुलेशन बेस्ट लर्निंग, बेडसाइड टीचिंग एण्ड क्लिनिकल रिजनिंग और रिसर्च मेथोडालोजी फार मेडीकल एडुकेटर्स आयोजित की गई. सिमुलेशन वर्कशाप का संचालन एम्स नई दिल्ली के डा. अनु सचदेव एवं एम्स कल्याणी के डा. निहार रंजन मिश्रा के नेतृत्व में हुआ.

> स्थानीय समन्वयक डॉ. योगेन्द्र वर्मा ने कार्यशाला का संचालन किया. प्रतिभागियों को सिमुलेशन आधारित शिक्षण, परिदृश्य निर्माण और डीब्रिफिंग स्किल्स पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया. बाल रोग आपात स्थितियों पर लाइव सिमुलेशन और हैंडस आनसेशन्स इस कार्यशाला की प्रमुख आकर्षण रही. बेडसाइड टीचिंग वर्कशाप का संचालन कलावतीसरन अस्पताल दिल्ली के डॉ. हरीश पेमदे, पूर्व विभागाध्यक्ष गांधी मेडीकल कालेज भोपाल के डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव, गांधी मेडीकल कालेज भोपाल के डॉ. पूरवा गोहिया और गांधी मेडीकल कालेज भोपाल के डॉ. भारती चैबे ने किया. स्थानीय समन्वयक डॉ. घनश्याम दास ने सत्र के आयोजन में उत्कृष्ट समन्वय किया. इसमें क्लिनिकल शिक्षण की चुनौतियां, पेशेंट राईट्स एण्ड एथिक्स और क्लिनिकल रिजनिंग को पाठयक्रम में शामिल करने पर चर्चा हुई. रिसर्च मेथोडालोजी वर्कशाप का संचालन पूर्व डीन यूसीएमएस दिल्ली के डॉ. पियूष गुप्ता, प्राचार्य यूसीएमएस दिल्ली के डॉ. धीरज शाह और एमएएमसी दिल्ली के डॉ. देवेन्द्र मिश्रा ने किया. कार्यशाला की स्थानीय समन्वयक डॉ. नीतू अग्रवाल रही.

# ऊर्जा मंत्री ने किया पार्क का भूमिपूजन

**ग्वालियर. ग्वालियर का सर्वांगीण विकास सरकार का लक्ष्य है. इसी के तहत उपनगर ग्वालियर के हर गली, हर मोहल्ले तक सशक्त आधारभूत सुविधाएं पहुंचाई जा रही है.**

यह बात ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर के वार्ड 15 की लाइन नम्बर 4 बिरला नगर में 88.65 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले पार्क के भूमि पूजन के अवसर पर व्यक्त किए. भूमिपूजन के अवसर पर ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य हुए हैं. शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी स्कूलों का उन्नयन होने से आज प्राइवेट विद्यालय के विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में प्रवेश ले रहे हैं. सिविल



अस्पताल हजीरा और सिविल अस्पताल बिरला नगर ने तो प्रदेश में अपना अलग स्थान बनाया है. जहां बेहतर उपचार दिया जा रहा है. ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा जेसी मिल श्रमिकों की चर्चा करते हुए कहा कि अब तक एक हजार से अधिक श्रमिकों को उनके भू-खंडों का मालिकाना हक़ दिलाया जा चुका है, उनके बकाया स्वत्वों का निराकरण भी जल्द होगा. इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कार्यक्रम में उपस्थित वृद्धजनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया. इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद देवेन्द्र राठौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, अरविन्द राय, ओमप्रकाश शेखावत, अखिलेश शर्मा, श्यामू वैश्य, शैलेन्द्र सिंह सिकरवार, दीपक गौड सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे.